Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Watershed Development Project under Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid.

श्री गणेश सिंह (सतना): प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटर शेड विकास के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कितनी परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई हैं । वर्ष 2014-15 के उपरांत कोई नवीन वाटर शेड परियोजना स्वीकृति नहीं हुई है, जो पुराना परियोजनाएं स्वीकृत हई थी उनका कार्य पूर्ण कर लिया गया है । प्रदेश में निराबोया कृषि के कुल 152.00 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल का लगभग 60 प्रतिशत वर्षा पर आधारित कृषि क्षेत्र है । इस वर्षा आधारित कृषि वाटर क्षेत्र शेड विकास सिद्धांत के आधार पर जल संग्रहण संवर्धन का कार्य बहुत आवश्यक है । मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में मझगवां, सिंहपुर, बदेरा, नागौद तथा धारकुंडी क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं वाटर शेड कार्य की हैं क्योंकि यह क्षेत्र पहाड़ी तथा जंगली क्षेत्र है जहां वर्षा का जल रोका जाना आवश्यक है । यहां का जलस्तर बहुत नीचे जा चुका है ।